# किसानों ने खेत पर जाने के लिए मांगा हवाई जहाज

## रास्ते पर कब्जा होने से परेशान थे ग्रामीण, कई आवेदन के बाद भी नहीं हुआ निराकरण, तो प्रशासन से की गई मांग

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** साहब खेत पर जाने के लिए रास्ता नहीं है और न ही बार बार आवेदन देने के बाद रास्ते का कोई निराकरण हो पाया है, इसलिए आप हमे हवाई जहाज दिलावा दीजिए जिससे की हम अपने खेतों पर पहुंच जाए। इस तरह की मांग को लेकर जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम रातीखेड़ा के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ को आवेदन दिया और अपनी समस्या का हल करने की मांग की गई है।

मंगलवार को आयोजित जनुसनवाई में ग्राम रातीखेड़ा नन्नूलाल अहिरवार अहिरवार सहित अन्य ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने आवेदन देते हुए बताया कि गांव के दबंगो द्वारा



खेत पर जाने वाले रास्ते में तार फैंसी कर कब्जा कर लिया और रास्ता बंद कर दिया। जिसकी शिकायत पटवारी, तहसीलदार से लेकर एसडीएम से की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और आजतक हमे अपने खेतों पर जाने के लिए रास्ता नहीं मिला। वहीं खेतों पर जाने का प्रयास किया जाता है तो विवाद की स्थिति बनती है।

**रास्ता दिलवाने में असमर्थ, इसलिए दिलवाओ हवाई जहाज:**

खेतों पर जाने के लिए रास्ता न होने के कारण परेशान ग्रामीणों द्वारा राजस्व अमले तंज कसते हुए बताया कि आपके द्वारा हमे रास्ता दिलवाए जाने में असमर्थता दिखाई जा रहीं है कि इसलिए आप हमें अपने खेतों पर जाने के लिए हवाई जहाज दिलवाए, जिससे की हम अपने खेतों पर पहुंच सके और उन पर अपने खेती सबंधी कार्य कर सके।

## जनसुनवाई में आए 375 आवेदन, कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में अपनी शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई कर संबंधित उपस्थित अधिकारियों को हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा 375 आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**आवेदकों की समस्याओं का हुआ निराकरण:**

जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं का निराकरण मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा किया गया। निराकरण से शेष रहे आवेदन संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने हेतु भेजे गए। जनसुनवाई में ग्राम बडागांव निवासी उर्मिला बाई के द्वारा लाडली बहना योजना की किस्तो दिलाए जाने, ग्राम खजुराई निवासी कमला अहिरवार के द्वारा नामांतरण कराए जाने, ग्राम पाटखेड़ा निवासी रूपवती के द्वारा बीपीएल सूची में नाम जुडवाए जाने,अशोकनगर वार्ड नंबर 20 निवासी रागनी सोनी के द्वारा पीएम आवास स्वीकृत कराए जाने,ग्राम बडेरा निवासी अनेकराम लोधी के द्वारा नकल दिलाए जाने, ग्राम केनवारा निवासी राजेश बाई यादव के द्वारा लाड़ली बहना की किस्त दिलाए जाने, ग्राम मथनेर निवासी मीनू बाई पटवा के द्वारा भूमि से कब्जा हटवाए जाने, ग्राम अखाई कृष्णा निवासी कन्या बाई वंशकार के द्वारा पीएम आवास और लाड़ली बहना योजना की किस्त दिलाए जाने, गोरा घाट निवासी कमलेश आदिवासी आदि की समस्याओ का निराकण किया गया।

# दवा चोरी के मामले में दो निलंबित दो की सेवा समाप्त

**जिला अस्पताल के मनकक्ष से हो गई थी दवा चोरी**

**कलेक्टर ने 24 अधिकारी कर्मचारियों को दिए थे नोटिस**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला चिकित्सालय में दवा चोरी के मामले में कलेक्टर आदित्य सिंह का सख्त एक्शन देखने को मिला। इस मामले में जहां कलेक्टर ने दो अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबित किया है, तो वहीं एक की तत्काल सेवा समाप्ति के निर्देश दिए है।

दरअसल जिला चिकित्सालय अशोकनगर में 16 जुलाई को स्थित मनकक्ष मे दवाईयों चोरी होने की घटना की जांच में पदीय दायित्वो के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कुल 24 अधिकारी/कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये। मनकक्ष में दवाईयों की स्टाक पंजी सहित अन्य शासकीय अभिलेखों के संधारण एव पदीय दायित्वो के निर्वहन में अनियमितता एवं गंभीर लापरवाही के कारण कलेक्टर द्वारा प्रभात दीक्षित फार्मासिस्ट जिला चिकित्सालय अशोकनगर एव आनंद चित्रांशी स्टेनो टाईपिस्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण नियत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर नियत किया गया है। पूजा चौहान संविदा फार्मासिस्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाढौरा की सेवा समाप्ति के लिये प्रस्ताव मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम मप्र भोपाल को भेजा गया। गिरजेश भार्गव प्रभारी भारतीय रेडक्रास सोसाईटी जिला चिकित्सालय अशोकनगर की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई। वहीं अन्य शासकीय अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही प्रचलन में है।

## एक नजर में

### प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय अशोकनगर यशोधन बड़झे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि 8 अगस्त को केंद्रीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान विद्यालय में काफी अनियमिततायें पाई गई तथा विद्यालय के मुख्य द्वार पर सुरक्षा गार्ड तैनात न होना, विद्यालय में छात्र-छात्राओं को बैठने की उचित व्यवस्था न होना, विद्यालय में लाइब्रेरी स्थापित न होने, विद्यालय में शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति भी शत प्रतिशत नहीं पायी गई एवं शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का संधारण भी नहीं किया गया। शासन द्वारा समय-समय पर विद्यालय को प्रदाय राशि का आपके द्वारा विद्यालय में उपयोग नहीं किया गया है। उक्त कृत्य शासकीय सेवा के प्रति स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर लापरवाहीपूर्ण होकर शासन एवं वरिष्ठ के आदेशों का स्पष्ट उल्लंघन है, जो कि मध्यप्रदेश शिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 कदाचरण की श्रेणी में आता है, जो दंडनीय है। इस संबंध में अपना जबाव नोटिस प्राप्ति के तत्काल समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।

### भाजपा ने जिले भर में निकाली तिरंगा यात्रा

**अशोकनगर।** स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में भाजपा द्वारा जिले भर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। उक्त से की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि मंगलवार जिलेभर में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# तिरंगा में रंगा नजर आया जिला, निकलीं तिरंगा यात्राएं

## जिलेभर में हुआ रैलियों का आयोजन, गूंजे देशभक्ति के तराने, ली गई स्वच्छता की शपथ

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता,स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का संचालन जिलेभर में किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय अशोकनगर पर जिला प्रशासन के तत्वाधान में वृहद स्तर पर भव्य तिरंगा रैली का आयोजन मंगलवार को विमानों के चबूतरा पछाडीखेडा अशोकनगर से किया गया। तिरंगा रैली में कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, स्कूली




छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर हर घर तिरंगा फहराये जाने का संदेश जिलेवासियों को दिया। यह तिरंगा यात्रा शहर के ह्दय स्थंल गांधी पार्क से होते हुए तुलसी पार्क स्टेशन रोड पहुंची। तिरंगा यात्रा में शामिल लोग देशभक्ति के गीतों और भारत माता की जय के नारे के साथ एकता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में अशोकनगर शहर तिरंगामय हो गया। तिरंगा यात्रा का समापन तुलसी पार्क अशोकनगर में किया गया। समापन के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वुशु खिलाडी भूरक्षा द्वारा उपस्थिनों को स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई गई।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

**शाढ़ौरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को नगर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फील्ड ग्राउंड से देशभक्ति से सराबोर रैली निकाली गई जिसमें स्कूली छात्र-छात्राएं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र वासी शामिल हुए। जो हाथों में तिरंगा लिए व नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा रैली का मार्ग फील्ड ग्राउंड से शुरू होकर गुना-अशोकनगर रोड़,बस स्टैंड चौराहा से होते हुए नगर पंचायत भवन तक रहा। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लीं और सोशल मीडिया पर तिरंगा डीपी लगाकर अभियान को समर्थन दिया। रैली के अंतिम चरण में छात्र-छात्राओं की कतार अधिक लंबी थी, जिसने राष्ट्रीय एकता और स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी,नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी सहित विभिन्न समाजसेवी संगठनों के लोग, जन प्रतिनिधि, सरपंच व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे



### द्रोपती पब्लिक स्कूल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाढ़ौरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में मंगलवार को द्रोपती पब्लिक स्कूल द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र छात्रा शामिल हुए। यह रैली जहां से भी गुजरी वहां पर तिरंगे के साथ देशभक्ति के नारे लगाते हुए पूरे क्षेत्र में मार्च किया, जिससे वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। । इस दौरान स्कूल के सहायक निर्देशक हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि रैली का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अजय शर्मा सहित स्कूल छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# थूबोन में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**हर घर स्वच्छता अभियान की दिलाई गई शपथ**

**जिलेभर में चलाया जा रहा है अभियान**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विकासखंड चंदेरी में हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता अभियान के तहत स्वतंत्रता का उत्सव 8 अगस्त से 15 अगस्त के बीच चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अवार्ड संस्था द्वारा आदर्श ग्राम थूबोन के संदीपनी विद्यालय के सहयोग से स्वतंत्रता का उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता पर शपथ दिलाई गई। इस दौरान दीपक पटेरिया विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद द्वारा बताया गया कि हमें स्वच्छता को अपने



स्वभाव में एवं संस्कार का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। स्वच्छता के लिए हमें अपने साथ-साथ दूसरों को भी जागृत करते रहना चाहिए। सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य बृजेश यादव ने बताया कि घर गांव शहर एवं आसपास में गीला एवं सूखा कचरा का निस्तारण अलग-अलग करना चाहिए। आजादी के इस अमृत महोत्सव में हम सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। अपने हर घर में तिरंगा लहराना और घर को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है,इसके पश्चात तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि अवार्ड संस्था अध्यक्ष राजेश तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव मुन्ना आदिवासी, भगवत सिंह बुंदेला पंचायत सचिव, वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र अहिरवार, रामकुंवर लोधी, सेवी जैन ,संगीत शिक्षक श्री अंशुल भार्गव, खेल शिक्षक कु आफरीन बानो, नृत्य शिक्षक कु साहिबा शेख, श्री हरवीर यादव,श्री भारत सिंह नरवरिया, महेंद्र प्रताप यादव, दीपक भदौरिया , चंद्रेश जाटव,धर्मेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# वॉटर बॉक्स से अवैध रूप से दी जा रही थी बिजली सप्लाई

**विद्युत विभाग के कर्मचारी ने जाकर देखा**

**विभाग को दी गई जानकारी, कार्रवाई की कहीं बात**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** पिछले कई सालों से नगर में पानी सप्लाई के लिए वाटर वाक्स से टंकी भरी जाती है जिससे शहर में पानी की सप्लाई की जाती है। इसके लिए विद्युत मंडल द्वारा मोटर चलाने के लिए नगर परिषद को वॉटर वाक्स पर एक डीपी लगाकर दी गई है जिससे वहां पानी सप्लाई हो सके, मगर विद्युत मंडल को लगातार सूचना मिल रही थी कि वहां वाटर वाक्स पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा उक्त डीपी से खेतों में बिजली सप्लाई की जा रही है। जिससे बार -बार लाइन फॉल्ट हो रही है, विद्युत मंडल को सूचना मिलने पर सोमवार-मंगलवार की रात को 3 बजे अपने कर्मचारियों को भेजा गया और वहां कर्मचारियों द्वारा उक्त वाटर वाक्स से वहां खेती करने वाले को



बिजली दी जा रही थी। साथ ही उक्त डीपी से कनेक्शन भी दिया जा रहा था जिसके बाद उक्त कर्मचारियों द्वारा विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की इसकी जानकारी दी गई। जिसके बाद विद्युत मंडल के अधिकारियों द्वारा इसकी शिकायत एसडीएम, नगर परिषद सीएमओ,नगर परिषद अध्यक्ष को दी गई। इस मामले को लेकर विद्युत मंडल के एई पीसी जैन ने बताया कि नगर परिषद के कर्मचारी द्वारा बेतवा नदी पर वाटर वर्क्स पर लगे ट्रांसफॉमर्स से अवैध रूप से मोटर चलवा कर विद्युत चोरी कराई जा रही है। जिसके कारण ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है डीपी की लीड जल जाती है विद्युत सप्लाई बाधित होती है नगर पालिका को यह सब अवैध काम रोकना चाहिए, जिससे वाटर बॉक्स पर अनवरत 24 घंटे विद्युत सप्लाई चालू रहे तथा नगर में पानी की सप्लाई नियमित रूप से चालू बनी रहे। इस संबंध में पूर्व में भी नगर पालिका को सूचित किया जा चुका है किंतु उनके द्वारा यह नहीं रोका जा रहा है।

**राजस्व का हो रहा नुकसान:**

पीसी जैन ने बताया कि इस तरह से अन्य लोगों को बिजली सप्लाई देने से जहां फॉल्ट सहित अन्य समस्या आती है, तो वहीं इससे बिजली विभाग को राजस्व में भी नुकसान होता है यदि क्योंकि विद्युत मंडल अपने राजस्व पर ही आधारित है वहीं यदि एक कनेक्शन पर नुकसान की बात की जाए तो विद्युत मंडल को एक कनेक्शन पर प्रति बर्ष 60 से 70 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। जो कि पिछले 2 ओर 3 साल से बिजली सप्लाई दी जा रही थी, यदि इस तरह बिजली दी जाएगी तो हमारा राजस्व घटता रहेगा, अब देखना यह होगा इस मामले के सामने आने के बाद अधिकारियों द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

***इनका कहना है।***

*हमे सूचना मिली कि वॉटर वाक्स पर डीपी से कनेक्शन देकर अन्य लोगों को बिजली सप्लाई की जा रही है। जिससे हमारे राजस्व को नुकसान हो रहा है वहीं इसकी जानकारी सभी को दे दी गई है और ऐसे कर्मचारियों पर नपा को एफआईआर कराना चाहिए।*

***पीसी जैन,***
***एई विद्युत वितरण केंद्र मुंगावली।***

**सम्मान** | **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलका त्रिवेदी ने किया सम्मान**

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीएचओ एएनएम एवं आशाओं को किया गया सम्मानित

**नवभारत न्यूज़**

**अशोकनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय अशोकनगर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी द्वारा शील्ड एवं प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से 11 जुलाई से 11 अगस्त तक मनाये जा रहे विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण माह के तहत परिवार नियोजन के कार्यक्रम के अंतर्गत विकल्प कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य




करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ईएसबी स्कीम में श्रेष्ठ कार्य करने वाली तीन आशा कार्यकर्ता मेघा रघुवंशी, रामदेवी बाई और शशि साहू को सम्मानित किया गया। वहीं अंतरा इंजेक्शन के लिये महिलाओं को प्रेरित करने वाली आशा इमरती बाई, मिलन अहिरवार और मेवा रजक को भी प्रशस्ति एवं शील्ड प्रदान की गई। इसके साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्र बमनावर, तूमैन, अजलेश्वर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कचनार, सहराई और नईसरांय को भी उल्लेखनीय सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी द्वारा प्रतिभागियों को बधाई देते हुये कहा कि परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों को बढ़ावा देने से न केवल जनसंख्या नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। साथ ही महिला एवं पुरुष नसबंदी को प्रत्येक माह एफडीएस में निरंतर करवाने हेतु आशा एवं सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया साथ ही जुलाई माह में हुये सफल नसबंदी शिविर हेतु कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. रजनी छारी, संभागीय समन्वयक (आईपास) ज्ञानेन्द्र दुबे, जिला टीकाकरण अधिकारी एव बीएमओ शाढोरा डॉ जयकृत सिंह राजपूत एमएंडईओ पंकज जाधव बीईई रूचि रघुवंशी सीएचसी शाबोरा, जुगल किशोर व्यास आईपास जिला प्रभारी एवं अन्य समस्त बीईई आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# ग्राम पठारी में वितरित की गई साइकिल

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** शासकीय हाई स्कूल पठारी में कक्षा 9 के छात्र छात्राओं के लिए साईकिल वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें दूर दराज के ग्राम से आने वाले छात्र-छात्राओं को साईकिल दी गई। इन ग्रामों में बजावन, पाली,देवरछी, अमनचार ग्राम से आने वाले छात्र-छात्राओं को मिला। साईकल वितरण से अब स्कूल में छात्र संख्या में बढ़ोरती होगी, और इन ग्रामों से आने वाले छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी। इस मौके पर दिनेश तिवारी, प्रभारी प्राचार्य आरिफ अहमद खान सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।